# सफारी एक्सप्रेस

JULY-AUGUEST-SEPTEMBER 2025




## निदेशक की कलम से

इटावा सफारी पार्क, इटावा द्वारा इस त्रैमासिक न्यूज लेटर के सातवें अंक के माध्यम से माह जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर 2025 में सफारी पार्क में हुई मुख्य गतिविधियों को संक्षेप में प्रस्तुत किया जा रहा है। यह सम्पूर्ण अंक सफारी पार्क एवं वन्यजीव संरक्षण को समर्पित है जिसमें सफारी पार्क में पाए जाने वाले वन्यजीवों एवं उनसे सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है। इटावा सफारी पार्क द्वारा इन तीन माह में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया।

हमें हर्ष है कि इस न्यूज लेटर के माध्यम से सफारी पार्क के सामान्य क्रियाकलापों के साथ–साथ वन्यप्राणियों के संरक्षण हेतु इटावा सफारी पार्क प्रबन्धन द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों से आपका परिचय कराया जा रहा है।

(डा. अनिल कुमार पटेल)
भा.व.से.
निदेशक
इटावा सफारी पार्क, इटावा



Address :
Director, Etawah Safari Park
Etawah Gwalior Road,
Etawah - 206001
Phone : +91-7839435094
Email : dirlsetawah@gmail.com

Etawah Safari Park remains closed for tourists on Monday

FACEBOOK INSTAGRAM TWITTER

## वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम

इटावा सफारी पार्क में 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान के तहत दिनांक 06 जुलाई 2025 दिन रविवार को पर्यावरण छात्र संसद इटावा से जुड़े लोगों के साथ मिलकर पौधा रोपण किया गया और आधा सैकड़ा विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

इस अभियान में जो पौधे लगाए गए हैं, उनकी सुरक्षा के भी इंतजाम किए गए हैं। पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र–छात्राओं के साथ लेपर्ड सफारी क्षेत्र में पौधे लगाए गये। इस अभियान में सफारी के निदेशक डा. अनिल पटेल, उप निदेशक डा. विनय कुमार सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, पर्यावरण छात्र संसद के संयोजक तथा पानकुवर के चेयरमैन डा. कैलाश यादव एवं पर्यावरण छात्र संसद के संयोजक संजय सक्सेना द्वारा पौधा रोपित किया गया।

सफारी के निदेशक डॉ अनिल पटेल ने कहा कि पौधारोपण अभियान में हम सभी को अपनी भागीदारी निभानी चाहिए और जो पौधे हम लगाए उनका पूरा संरक्षण भी किया जाए ताकि वे बड़े होकर वृक्ष बन सके। उन्होंने कहा वन क्षेत्र और हरियाली में बढ़ोतरी के सभी उपाय किए जाने चाहिए। पर्यावरण छात्र संसद के संयोजक कैलाश यादव ने कहा कि छात्रों को भी पर्यावरण से जोड़ा जा रहा है, यह बहुत जरूरी है। अभियान में प्रतिभाग करने वाले समस्त छात्र छात्राओं को सफारी भ्रमण भी कराया गया।

इसी क्रम में 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान के तहत दिनांक 09.07.2025 को इटावा सफारी पार्क में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सफारी भ्रमण पर आये पर्यटकों के साथ मिलकर पौधा रोपण किया गया, विभिन्न प्रजातियों के सैकड़ों पौधे लगाए गए।

इस अभियान में भ्रमण पर आये पर्यटकों एवं सफारी पार्क के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा पौधा रोपित किया गया।






## राज्यप्राणि उद्यान प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश का निरीक्षण

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/मुख्य वन संरक्षक, ईको विकास एवं सदस्य सचिव, राज्य प्राणि उद्यान प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश श्री नीरज कुमार ने दिनांक 15.07.2025 को इटावा सफारी पार्क का निरीक्षण किया।

श्री नीरज कुमार, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/मुख्य वन संरक्षक, ईको विकास एवं सदस्य सचिव, राज्य प्राणि उद्यान प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश द्वारा इटावा सफारी पार्क में प्रस्तावित टाइगर सफारी के स्थल के साथ साथ सभी सफारी यथा लेपर्ड सफारी, एंटीलोप सफारी, डियर सफारी, भालू सफारी एवं लॉयन सफारी का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा सफारी पार्क के सभी एनिमल हाउसों, ब्रीडिंग सेंटर, पशु चिकित्सालय, नियो नेटल केयर यूनिट आदि स्थलों का भी गहनता से निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त इटावा सफारी पार्क के पशु चिकित्सालय में वन्यजीवों के ब्लड सेम्पल के साथ–साथ यहां कार्य करने वाले कार्मिकों के ब्लड सेम्पल की भी जांच करने वाले हीमोटोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर की भी जानकारी उनके द्वारा ली गयी एव इस व्यवस्था को एक विशेष पहल का नाम देते हुए उनके द्वारा इसकी सराहना की गयी।

## अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस

29 जुलाई 2025 को अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर इटावा सफारी पार्क में इटावा नगर क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के छात्राओं को इटावा सफारी पार्क का भ्रमण कराया गया। तत्पश्चात मनन सभागार में बाघ संरक्षण के सम्बन्ध में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस मौके पर सफारी पार्क के निदेशक डा0 अनिल कुमार पटेल ने बताया कि पूरे भारत वर्ष में 57 टाइगर रिजर्व घोषित हो गये है जिसमें 3600 से अधिक बाघों की संख्या है। उत्तर प्रदेश में तीन टाइगर रिजर्व है यथा दुधवा टाइगर रिजर्व, पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं रानीपुर टाइगर रिजर्व। इसके अतिरिक्त उत्तराखंड के कार्बेट टाइगर रिजर्व के बफर के रूप में अमानगढ़ टाइगर रिजर्व बिजनौर जनपद में स्थित है। प्रकृति के संरक्षण के लिए बाघों का संरक्षण बहुत जरूरी है। हमारी आगे आने वाली पीढ़ी बाघ को उसके प्राकृतवास में देख सके इसके लिए भी बाघ को बचाना जरूरी है। संरक्षण के अभाव में धीरे–धीरे उनकी संख्या यदि कम हो जाएगी तो आने वाली पीढ़ियां उनको केवल फोटो और किताबों में ही देख पाएंगे।

उक्त के अतिरिक्त सफारी पार्क के उप निदेशक डा0 विनय कुमार सिंह एवं बायोलॉजिस्ट बी.एन. सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।





## महानिदेशक–वन, भारत सरकार का भ्रमण

वन महानिदेशक एवं विशेष सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार श्री सुशील कुमार अवस्थी, भा0व0से0 द्वारा दिनांक 25.07.2025 को इटावा सफारी पार्क का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान लेपर्ड सफारी के एनिमल हाउस नं0–1 के पास 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान के अन्तर्गत उनके द्वारा हरसिंगार का पौध भी रोपित किया गया। उनके द्वारा विभिन्न सफारियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक सुझाव दिये गये तथा बब्बर शेर सिम्बा, सुल्तान के लिए गुजरात से लाये जाने वाले शेरनियों के सम्बन्ध में चर्चा कर गुजरात वन विभाग से अनुरोध करने के लिए निवेदन किया गया। सफारी की हरितिमा एवं रख–रखाव देखकर उनके द्वारा संतोष व्यक्त किया गया तथा सफारी पार्क में विगत वर्षों में ईको–रेस्टोरेशन कार्य से इस क्षेत्र में हुए पारिस्थितिकीय बदलाव के सम्बन्ध में शोध पत्र प्रकाशित करने हेतु निर्देश दिये गये। इस मौके पर सफारी पार्क के निदेशक डा0 अनिल कुमार पटेल एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।









## विश्व लॉयन दिवस–2025

हर वर्ष की भांति इटावा सफारी पार्क में विश्व लॉयन दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इटावा सफारी पार्क भ्रमण करने आए पर्यटकों के साथ प्रकृति चित्रण केन्द्र में मनाया गया। पर्यटकों के साथ आये उनके बच्चों को इस कार्यक्रम में शेरों के महत्व पर अपने विचार प्रकट करने का अवसर प्रदान किया गया साथ ही उपस्थित पर्यटकगणों के साथ शेर विश्वा का जन्मदिन मनाया गया। ज्ञातव्य हो कि वर्ष 2022 में जन्में बब्बर शेर ''विश्वा'' का यह तृतीय जन्म दिवस था। बब्बर शेर विश्वा इटावा सफारी पार्क के नर शेर कान्हा एवं दिवंगत शेरनी जेनिफर की संतान है।

इस मौके पर सफारी पार्क के निदेशक डा0 अनिल कुमार पटेल द्वारा बब्बर शेरों से जुड़े हुये अनसुने तथ्यों एवं वर्तमान में सफारी में वास कर रहे शेरों की स्थिति के सम्बन्ध में पर्यटकों को विस्तारपूर्वक बताया गया। उक्त के अतिरिक्त डा0 विनय कुमार सिंह, उप निदेशक एवं मैनपुरी के उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 सउद हसन ने भी वन्यजीवों के संरक्षण हेतु अपने उद्गार व्यक्त किये।






## प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष का भ्रमण कार्यक्रम

प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश श्री सुनील चौधरी द्वारा दिनांक 20.09.2025 को इटावा सफारी पार्क इटावा का निरीक्षण भ्रमण किया गया। निरीक्षण भ्रमण के दौरान लेपर्ड सफारी में स्वतंत्र विचरण कर रहे लेपर्ड एवं भालू सफारी में भालुओं की चहल कदमी देखकर उनके द्वारा अत्यन्त प्रसन्नता व्यक्त की गई। साथ ही लेपर्ड सफारी में लेपर्ड्स को खुले में रखने हेतु प्रोजेक्ट बनाने के निर्देश दिए। सफारी पार्क के मार्गों का नामकरण करते हुए जगह–जगह साइनेज बोर्ड लगाने तथा सफारी फेंसिंग की रंगाई पुताई कराने हेतु भी निर्देश उनके द्वारा दिए गए। उत्तर प्रदेश में 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक सेवा पर्व मनाया गया है। जिसमें पौधारोपण, स्वच्छता एवं अन्य जागरूकता से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, इसी क्रम में सफारी पार्क मे भी सेवा पर्व मनाया गया था। जिसमें प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष द्वारा एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के तहत कृष्ण कदम्ब का एक पौध रोपित किया गया तथा सफारी पार्क प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की गई। निरीक्षण के समय श्री एनके जानू, मुख्य वन संरक्षक कानपुर मण्डल, इटावा सफारी पार्क के निदेशक डा0 अनिल कुमार पटेल, उप निदेशक डा0 विनय कुमार सिंह, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, इटावा श्री विकास नायक एवं इटावा सफारी पार्क का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।






## विशिष्ट जनों का सफारी भ्रमण

- श्री प्रमोद कुमार गुप्ता, मुख्य वन संरक्षक
- श्री विवेक सेठी, गेल, पाता
- श्री ओंमकार नाथ वर्मा, सेवानिवृत्त वैज्ञानिक इसरो
- श्री अजीत कुमार सिंह, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक, वाराणसी
- श्री सचिन कुमार, भा.व.से.
- श्री स्वॉन फ्रेंच, होजी फ्रेंच पेरिस
- न्यायमूर्ति सुधीर कुमार सक्सेना, इलाहाबाद
- न्यायमूर्ति बी.आर. सिंह, इलाहाबाद
- श्री अरविन्द प्रताप सिंह सेंगर, भा.व.से., मुख्य वन संरक्षक, ग्वालियर
- श्री पवन कुमार, सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक, उत्तर प्रदेश

## अनुभूति कार्यक्रम

इस त्रैमास में जनपद इटावा के प्राथमिक विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को सफारी पार्क भ्रमण कराया गया।

- प्राथमिक विद्यालय, सराय दयानत
- उच्च प्राथमिक विद्यालय, नगला बाबा
- प्राथमिक विद्यालय मड़ैयापुल
- उच्च प्राथमिक विद्यालय, भरेह
- उच्च प्राथमिक विद्यालय पाली प्रथम
- कम्पोजिट विद्यालय, अतिराजपुर
- उच्च प्राथमिक विद्यालय चकवाखुर्द
- प्राथमिक विद्यालय, कांशीराम
- कम्पोजिट कल्यानपुर महानेपुर
- उच्च प्राथमिक विद्यालय टकपुरा
- उच्च प्राथमिक विद्यालय व्यासपुरा

मुख्य सम्पादक : डा0 अनिल कुमार पटेल, भा0व0से0
सम्पादकीय टीम : डा0 विनय कुमार सिंह, प्रा0व0से0, श्री बी0एन0 सिंह, प्रा0व0से0 (से0नि0)
डिजायन : शशांक पटेल